एक नजर में

लावारिस-जब्तशुदा वाहनों की खुली नीलामी

बड़वानी। जिले में पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार थानों में लंबे समय से रखे लावारिस एवं जब्तशुदा वाहनों के निराकरण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं एएसपी धीरज बब्बर तथा एसडीओपी महेश सुनैया के मार्गदर्शन में थाना कोतवाली द्वारा सार्वजनिक नीलामी की कार्रवाई संपन्न की गई। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी आदेशानुसार 29 मई को थाना परिसर कोतवाली में खुली नीलामी आयोजित की गई। जिसमें 18 दोपहिया वाहनों को विक्रय के लिए रखा गया। नीलामी प्रारंभ होने से पूर्व बोलीकर्ताओं को वाहनों की स्थिति एवं निर्धारित ऑफसेट मूल्य की जानकारी दी गई तथा नियमानुसार प्रत्येक वाहन की पृथक खुली बोली लगवाई गई। बोलीकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया, जिसमें सर्वाधिक बोली वाली मोटर साईकिल 21500 रूपए नारू पिता टेलसिंग निवासी सुखपुरी सिलवाद की होकर सभी 18 वाहनों का निराकरण कर 156300 रूपए की राशि निलामी में प्राप्त हुई। प्रत्येक वाहन की अधिकतम बोली लगाने वाले आवेदकों के पक्ष में मौके पर ही वाहन सुपुर्दगी संबंधी अग्रिम वैधानिक औपचारिकताएं पूर्ण की गई। कार्रवाई में तहसीलदार हितेंद्र भावसार, थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन, प्रआर अजमेर अलावा, मआर सुशीला कंकु, एसडीएम रीडर शांतिलाल तरोले, राजस्व विभाग स्टॉफ व थाने के अधिकारी व कर्मचारियों की भूमिका रही।

नाबालिग को ढूंढकर किया सकुशल बरामद

बड़वानी। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल के निर्देशन एवं एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी महेश सुनैया के मार्गदर्शन में ऑपरेशन मुस्कान अभियान के तहत सभी थाना प्रभारियों को गुम एवं अपहृत बालक-बालिकाओं की शीघ्र दस्तायाबी के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। फरियादी ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 27 मई 2026 को उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सतत प्रयास एवं तकनीकी सहायता से नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। बालिका के सकुशल मिलने पर परिजनों द्वारा पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक बलजीत सिंह बिसेन, उनि ललिता चौहान, मआ लक्ष्मी, आरक्षक बल्लू एवं आरक्षक सरदार की भूमिका रही।

केंद्र सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग

आलीराजपुर। ईद-उल-अजहा के पावन अवसर पर अलीराजपुर मुस्लिम समाज के प्रभारी शहर काजी हाजी सेय्यद हनीफ मियाँ ने समस्त देशवासियों एवं मुस्लिम समाज को ईद की मुबारकबाद देते हुए शांति, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा त्याग, बलिदान, इंसानियत और आपसी प्रेम का पर्व है, जो समाज को एकता और सद्भाव की प्रेरणा देता है। हाजी सेय्यद हनीफ मियाँ ने अपने संदेश में कहा कि ईद के अवसर पर सभी लोगों को जरूरतमंदों की सहायता कर मानवता की सेवा का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने समाज से प्रेम, सहयोग और भाईचारे की भावना के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उन्होंने केंद्र सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किए जाने की मांग भी उठाई। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और परंपरा में गाय को गौमाता का दर्जा प्राप्त है तथा हिन्दू समाज की आस्था और सम्मान को ध्यान में रखते हुए सरकार को गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी समुदायों को मिलकर देश की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द को मजबूत बनाने के लिए कार्य करना चाहिए। प्रभारी शहरकाजी हाजी सैयद हनीफ मियाँ ने मुस्लिम समाज से प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए स्वच्छता, अनुशासन और शांतिपूर्ण वातावरण में ईद-उल-अजहा का पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों का वास्तविक उद्देश्य समाज में प्रेम, सद्भाव और इंसानियत को बढ़ावा देना है।

टीकेएम ने गुजरात सरकार के साथ किया एमओयू

इंदौर . टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने गुजरात सरकार के साथ पूरे राज्य में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए एक मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए. एमओयू पर हस्ताक्षर गृह मंत्री अमित शाह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल, वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों, गीताांजलि विक्रम किर्लोस्कर चेयरपर्सन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, किर्लोस्कर सिस्टम्स, विक्रम गुलाटी, कंट्री हेड एवं एक्ज़िक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट अफेयर्स एंड गवर्नेंस, टीकेएम, सिमंत अरुण, वाइस प्रेसिडेंट, वेस्ट रीजन, सेल्स-सर्विस-यूज़्ड कार, टीकेएम तथा टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के अन्य वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति में किए गए. विक्रम गुलाटी, कंट्री हेड एवं एक्ज़िक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट अफेयर्स एंड गवर्नेंस, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा गुजरात में हमारी पहल सामाजिक ज़िम्मेदारी के प्रति हमारे समग्र दृष्टिकोण को दर्शाती है. हम सरकार का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने शिक्षा, स्किलिंग और स्वास्थ्य सेवाओं में टोयोटा की पहलों को प्रोत्साहन और सहयोग दिया.

भारतीय इंजीनियरों ने एस26 को और स्मार्ट बनाया

इंदौर . सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स के नोएडा स्थित रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर ने इस साल लॉन्च हुई कंपनी की फ्लैगशिप स्मार्टफोन सीरीज सैमसंग गैलेक्सी एस26 सीरीज के लिए कई एआई फीचर्स विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है. एसआरआई-नोएडा के मैनेजिंग डायरेक्टर क्योंगयुन रू ने कहा हमने करीब तीन साल पहले एआई पर काम शुरू किया था. गैलेक्सी एस26 के लिए हमने दक्षिण कोरिया के सुवॉन आरएंडडी ऑफिस के साथ मिलकर नाउ नज़ और नाउ ब्रीफ फीचर्स विकसित किए. नाउ नज़ यूजर्स को उनकी जरूरत के अनुसार पहले से उपयोगी और संदर्भ आधारित सुझाव देता है, जबकि नाउ ब्रीफ महत्वपूर्ण इवेंट्स और कामों के लिए समय पर रिमाइंडर दिखाता है. एसआरआई-नोएडा के इंजीनियरों ने गैलेक्सी एस26 सीरीज के लिए क्रिएटिव स्टुडियो, कॉल स्क्रीनिंग और डायरेक्ट वॉयसमेल जैसे एआई फीचर्स के विकास में भी योगदान दिया है. क्रिएटिव स्टुडियो फीचर की मदद से यूजर्स इमेज बना सकते हैं, फोटो एडिट कर सकते हैं, स्टिकर डिजाइन कर सकते हैं और वॉलपेपर तैयार कर सकते हैं. वहीं कॉल स्क्रीनिंग एक पर्सनल असिस्टेंट की तरह काम करता है, जहां एआई कॉल्स का जवाब दे सकता है,

दो-तीन दिन और सताएगी लू...

बड़वानी, (नवभारत)। नौतपा शुरू होते ही शहर के साथ पूरा जिला भीषण गर्मी की चपेट में है। पिछले तीन दिनों से अधिकतम तापमान 43 डिग्री के आसपास बना हुआ है। हालांकि गुरुवार को सुबह को दिन के तापमान में मामूली बढ़त दर्ज हुई है, लेकिन रात का पारा फिर घट गया है। मौसम के जानकारों के अनुसार अगले दो से तीन दिन तक मध्य भारत में तेज गर्मी और लू का असर बना रहेगा। शुक्रवार से तापमान में कुछ गिरावट आने की संभावना है।

सड़कों पर साफ दिखाई दिया असर

शहर में नौतपा का असर सड़कों पर साफ दिखाई दिया। दोपहर के समय बाजार और सड़कें लगभग सूनी नजर आई। वहीं जिन इलाकों में पेड़-पौधे ज्यादा हैं या आसपास हरियाली और जल स्रोत मौजूद है। वहां तापमान अपेक्षाकृत कम महसूस किया गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक घने पेड़ और हरियाली किसी भी क्षेत्र का तापमान 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक कम करने में मदद करते हैं। पेड़ सीधे सूर्य की गर्मी को रोकते हैं और वातावरण में नमी बनाए रखते हैं। इसी वजह से पार्क नदी किनारे और पुराने पेड़ों वाले सड़क क्षेत्रों में गर्मी का असर कम महसूस होता है। लगातार बढ़ती कांक्रीट, कटते पेड़ और सुखते जल स्रोत गर्मी को और खतरनाक बना रहे हैं।

तापमान डिग्री सेल्सियस में

बादलों से मिली राहत गुरुवार को बड़वानी का अधिकतम 44 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। डॉ गणेश चंद्र मालवीया के अनुसार धूप से बचने व अधिक पानी पीने के लिए कहा है। मौसम के जानकारों के अनुसार 29 से 31 मई के बीच मध्य प्रदेश समेत उत्तर और मध्य भारत में तेज आंधी, गरज-चमक और 30 से 50 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलने की आशंका है। कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और ओलावृष्टि भी हो सकती है।

राष्ट्रीय पंजा कुश्ती के लिए तीन खिलाड़ी चयनित

बड़वानी, (नवभारत)। जिला पंजा कुश्ती संघ के तत्वावधान में विगत माह जिले से भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेकर 3 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता के लिए हुआ। जिसमें ऋग्वेद धारसे 50 किग्रा वजन जूनियर वर्ग पहली बार एवं यश डुडवे 85 किग्रा वजन सीनियर वर्ग दूसरी बार राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

मनोज पटेल 85 किग्रा वजन दिव्यांग वर्ग में 2016 से निरंतर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए अब तक राष्ट्रीय स्तरीय पंजा कुश्ती में 2 गोल्ड, 8 सिल्वर एवं 3 ब्रांच मेडल जीत सहित दो बार विदेश रोमानिया व दुबई में 8वां एवं 5वा स्थान प्राप्त कर चुके हैं। अब उनका लक्ष्य अंतराष्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता में देश के लिए गोल्ड मेडल लाने का है। इस वर्ष राष्ट्रीय पंजा कुश्ती प्रतियोगिता 2026 गांधीनगर गुजरात 29 मई से 2 जून तक आयोजित होने जा रही हैं।

खिलाड़ियों को दी शुभकामनाएं

जिला पंजा कुश्ती संघ सचिव पटेल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी इसी वर्ष अपने ही भारत देश में होने जा रही वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में भाग लेंगे। जिला पंजा कुश्ती संघ, पंजा कुश्ती फैंस क्लब, श्री बजरंग व्यायाम शाला व फिटवेल जीम के सदस्यों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की।

आश्रम में प्रवेश प्रक्रिया जारी

▶ पहली की 70 सीटों के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं...

निवाली, (नवभारत)। नगर के कस्तूरबा वनवासी कन्या आश्रम में नए शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इस वर्ष कक्षा पहली की 70 सीटों के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। खबर लिखे जाने तक 388 आवेदन लिए जा चुके हैं। जिनमें से 100 जमा भी हो चुके है।

आश्रम की कलावती किराड़े ने बताया कि 1 जून तक आवेदन लिए जाएंगे। टाईम माप दंड व उम्र सीमा के अनुसार दस्तावेज की जांच कर छात्रों का चयन किया जाएगा। आश्रम ग्रामीण आदिवासी आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बच्चियों को शिक्षा से जोड़ने का काम कर रहा है। स्व पद्मश्री कांता बहन त्यागी की पहल से संचालित यह आश्रम क्षेत्र में बालिका शिक्षा का प्रमुख केंद्र बना है। दूसरी से 12वीं तक लगभग सभी सीटे पहले से भरी है। फिलहाल कक्षा पहली में ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके चलते हर वर्ष अन्य जिले के ग्रामीण परिवार भी बच्चों का प्रवेश कराने पहुंचते हैं।

पूर्व विधायक के वाहन पर पथराव, कांग्रेस ने जताया विरोध

सेंधवा, (नवभारत)। अनुभाग के वरला थाने में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक ग्यारसीलाल रावत के वाहन पर हुए पथराव के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोपियों की गिरफ्तारी, क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने, निगरानी मजबूत करने और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा।

सेंधवा अनुभाग के वरला थाने पर शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक ग्यारसीलाल रावत के वाहन पर हुए पथराव के मामले में आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग की। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा गया। आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महासचिव शांताराम खरते और राकेश रावत ने घटना को निंदनीय बताते हुए कहा कि जब जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं हैं तो आम लोगों की सुरक्षा पर सवाल खड़े होते हैं। इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, जिससे लोगों में भय का वातावरण है।

मोहनपाड़ा नर्सरी के पास हुआ हमला

घटना 27 मई की रात करीब 10 बजे की बताई गई। पूर्व विधायक ग्यारसीलाल रावत अपने निजी वाहन से सेंधवा से गृहग्राम हिंगवा जा रहे थे। इसी दौरान मोहनपाड़ा नर्सरी के पास अज्ञात लोगों ने उनकी गाड़ी पर पत्थर फेंके, जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। मामले में पूर्व विधायक द्वारा वरला थाने में आवेदन दिए जाने के बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल

कांग्रेस नेताओं ने सेंधवा-वरला-बलवाड़ी मार्ग पर रात के समय हुई घटना को कानून व्यवस्था की विफलता बताया। नेताओं ने कहा कि व्यस्त मार्ग होने के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था कमजोर बनी हुई है। ज्ञापन में क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने, मोहनपाड़ा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में रात्रिकालीन निगरानी मजबूत करने, शाहपुरा फाटे पर पुलिस चौकी स्थापित करने और पूर्व विधायक की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की गई। इस दौरान अजय द्विवेदी, किशोर राठौड़, प्रदीप चौरसिया, आशाराम तरोले, संजय जोशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

युवतियों और किशोरियों को जानकारी देकर किया जागरूक

▶ प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत और सम्मानित

आलीराजपुर। विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस 2026 के अवसर पर 29 मई को पीजी कॉलेज आलीराजपुर के ऑडिटोरियम हॉल में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ आलीराजपुर द्वारा किया गया, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों का तकनीकी सहयोग रहा।

शुरुआत प्रतिभागियों के पंजीयन एवं विभिन्न खेल गतिविधियों के साथ हुई। स्वयंसेवियों द्वारा रस्साकशी, बलून फुलाने की प्रतियोगिता एवं म्यूजिकल चेयर जैसी मनोरंजक एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके पश्चात माहवारी स्वच्छता जागरूकता वीडियो का प्रदर्शन किया गया, जिसमें मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता की सही आदतें, समाज में प्रचलित मिथक एवं भ्रांतियाँ, विद्यालय उपस्थिति में स्वच्छता की भूमिका, गरिमा एवं सुरक्षित व्यवहार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की गई। कलेक्ट्रेट परिसर में डिग्निटी रूम का उद्घाटन भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत उद्बोधन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में किशोर-किशोरियों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। साथ ही प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथियों एवं वक्ताओं ने मासिक धर्म स्वच्छता, बेहतर स्वास्थ्य, महिलाओं की गरिमा एवं जेंडर परिवर्तनकारी कार्यक्रमों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आलीराजपुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया तथा सभी को सामूहिक रूप से माहवारी गरिमा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन एवं भोजन के साथ किया गया।

शासकीय आईटीआई में 2026-27 के लिए ऑनलाइन प्रवेश शुरू

आलीराजपुर। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य द्वारा बताया की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं (आईटीआई) में सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी https://mpiticounselling.co.in के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश विवरणिका 222.dsd.mp.gov.in पर उपलब्ध है। जिले की आई.टी.आई. आलीराजपुर, जोबट, भाभरा, कट्ठीवाड़ा एवं उदयगढ़ में इलेक्ट्रीशियन, फिटर, ड्राफ्ट्समैन सिविल, मैकेनिक डीजल, हिंदी स्टेनोग्राफर, सोलर टेक्नीशियन, स्वीइंग टेक्नोलॉजी एवं वेल्डर सहित विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश दिया जाएगा। अधिकांश ट्रेडों हेतु न्यूनतम योग्यता 10वीं तथा स्वीइंग टेक्नोलॉजी एवं वेल्डर हेतु 8वीं उत्तीर्ण निर्धारित है। जिले में कुल 492 सीटों पर प्रवेश होंगे।

पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कार से 20 पेटी अवैध बीयर बरामद

7.70 लाख रुपये का माल किया जब्त, आरोपी फरार

आलीराजपुर। थाना उदयगढ़ पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से 20 पेटी अवैध बीयर बरामद कर करीब 7 लाख 70 हजार रुपये का मशरूका जप्त किया है। पुलिस ने मामले में आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी अनुसार देर रात में थाना उदयगढ़ पर पदस्थ प्रधान आरक्षक आजाद चौहान को रोड गश्त के दौरान मुखबिर से अवैध शराब परिवहन की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल थाना प्रभारी उदयगढ़ को अवगत कराया तथा आरक्षक आनंद एवं आरक्षक दीपेश राठौड़ के साथ मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस टीम जब बोरी फाटक के पास पेट्रोल पंप के पीछे स्थित प्रताप फलिया पहुंची, तो वहां एक खड्डे में सफेद रंग की टोयोटा ग्लेन्जा कार फंसी हुई मिली। पुलिस द्वारा वाहन के पास पहुंचने पर कार का लॉक खुला मिला तथा चाबी भी वाहन में लगी हुई थी, लेकिन मौके पर कोई चालक अथवा संदिग्ध व्यक्ति मौजूद नहीं था। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार पुलिस की भनक लगने एवं वाहन के खड्डे में फंस जाने के कारण आरोपी वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर तलाशी ली, जिसमें माउंट 6000 सुपर स्ट्रांग बीयर की कुल 20 पेटियां बरामद हुईं। हर पेटी में 500 एमएल के 24 टिन डिब्बे भरे हुए थे। इस प्रकार कुल 240 बल्क लीटर अवैध बीयर जब्त की गई। बरामद बीयर की अनुमानित कीमत 70 हजार रुपये तथा परिवहन में प्रयुक्त टोयोटा ग्लेन्जा कार की कीमत लगभग 7 लाख रुपये आंकी गई है। कुल मिलाकर पुलिस ने 7 लाख 70 हजार रुपये का अवैध मशरूका जप्त किया है। मामले में थाना उदयगढ़ में अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 176/2026 धारा 34(2), 46 आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी उदयगढ़ निरीक्षक ब्रजभूषण हीरवे, चौकी प्रभारी कानाकाकड़ उपनिरीक्षक पवन वास्केल, सहायक उपनिरीक्षक दीपक मालवीय, प्रधान आरक्षक आजाद चौहान, प्रधान आरक्षक जुवानसिंह, आरक्षक दीपेश, आरक्षक आनंद, सैनिक धर्मेंद्र एवं सैनिक माधव का सराहनीय योगदान रहा।

आदिवासी नेता महेश पटेल ने दिखाई मानवता, गंभीर बीमार के उपचार के लिए की एक लाख रुपये की मदद

आलीराजपुर। जिले की जोबट तहसील के ग्राम थापली निवासी मुनसिंह गाडरिया गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्वास नली में गंभीर संक्रमण हो गया है, जिसके उपचार में लगभग 3 लाख रुपये तक का खर्च आने की संभावना जताई गई है। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के सामने इलाज की व्यवस्था करना एक बड़ी चुनौती बन गया था। ऐसे कठिन समय में आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल ने संवेदनशीलता, मानवता और जनसेवा का परिचय देते हुए पीड़ित परिवार की सहायता के लिए सराहनीय पहल की है।

महेश पटेल ने मुनसिंह गाडरिया के उपचार हेतु तत्काल एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। साथ ही उन्होंने विधायक स्वेच्छानिधि से 25 हजार रुपये की सहायता स्वीकृत करवाने की घोषणा भी की। इसके अतिरिक्त उन्होंने जिला कलेक्टर से मांग की है कि शासन स्तर पर पीड़ित परिवार को हरसंभव मदद उपलब्ध कराई जाए, ताकि उपचार में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। पटेल ने कहा कि यदि प्रशासनिक स्तर पर पर्याप्त सहायता नहीं मिलती है, तो वे मुनसिंह गाडरिया के इलाज का संपूर्ण खर्च स्वयं वहन करेंगे। उनके इस मानवीय और प्रेरणादायी कार्य की पूरे क्षेत्र में व्यापक सराहना हो रही है।

ग्रामीणों और आमजन का कहना है कि वर्तमान समय में किसी जरूरतमंद परिवार के साथ इस प्रकार खड़े होना सच्ची जनसेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और मानवता का उत्कृष्ट उदाहरण है। महेश पटेल का यह सहयोग न केवल एक पीड़ित परिवार के लिए नई उम्मीद बनकर सामने आया है, बल्कि समाज को सेवा, संवेदना और सहयोग का सकारात्मक संदेश भी दे रहा है।